जिउतिया पर्व
अत्यावश्यक

**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**

ब्लॉक–सी, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800023
दूरभाष:0612 2294201 फैक्स:2294202, ई–मेल:secy-disastermgmt-bih@nic.in

पत्रांक–02/स्था०प्र०आ०–11/2025/3433/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–12-09-25

**प्रेषक,**

**डॉ० चन्द्रशेखर सिंह,** भा०प्र०से०
सचिव।

**सेवा में,**

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

**विषय–** **जिउतिया पर्व के दौरान आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरतने के संबंध में।**

महाशय,

अवगत हैं कि विगत वर्ष जिउतिया पर्व के दौरान काफी संख्या में डूबने से हुई मृत्यु की घटना की सूचना विभिन्न जिलों से प्राप्त हुई थी। ऐसा पाया गया है कि जिउतिया पर्व के दौरान काफी संख्या में लोग विशेषकर महिलाएँ एवं बच्चे नजदीक के नदी/तालाब आदि में स्नान करने जाते हैं। इस दौरान स्नान करने के क्रम में डूबने की घटना हो सकती है।

अतः यह आवश्यक है कि आपके जिले के अन्तर्गत ऐसे संवेदनशील नदियों, तालाबों अथवा अन्य जलस्रोतों वाले स्थानों को चिह्नित कर ली जाए तथा वहाँ पर विशेष निगरानी एवं सावधानी बरती जाए, जिससे आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से कोई अप्रिय घटना अथवा दुर्घटना घटित ना हो। इस हेतु उपलब्ध संसाधनों का उपयोग आवश्यकतानुसार करते हुए लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाय तथा ऐसे संवेदनशील जलस्रोतों पर चेतावनी का बोर्ड लगाते हुए स्थानीय गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की जाए। प्रतिनियुक्त गोताखोरों को श्रम संसाधन विभाग के द्वारा कुशल मजदूर के लिए निर्धारित दर पर जनसंख्या का निष्क्रमण मद से पारिश्रमिक का भुगतान किया जा सकता है।

अतएव अनुरोध है कि जिउतिया पर्व के दौरान आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती जाए।

विश्वासभाजन,

सचिव

ज्ञापांक:–02/स्था०प्र०आ०–11/2025/3433/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–12-09-25
**प्रतिलिपि:–**सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव